**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 696**
**29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**यू-बिन पोर्टल का विकास**

**696. श्री पी. पी. चौधरी:**
**श्री प्रदीप कुमार सिंह:**
**श्री कंवर सिंह तंवर:**
**डॉ. विनोद कुमार बिंद:**
**श्री सुरेश कुमार कश्यप:**
**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
**श्री जगदम्बिका पाल:**
**श्री खगेन मुर्मु:**
**श्रीमती कमलजीत सहरावत:**
**श्री दिलीप शइकीया:**
**श्री मुकेश राजपूत:**
**श्री जनार्दन मिश्रा:**
**श्री जुगल किशोर:**
**श्री महेश कश्यप:**

**क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के डिजिटलीकरण के लिए यू-विन पोर्टल की मुख्य विशेषताएं, कार्यात्मकताएं, उद्देश्य और लक्ष्य क्या हैं तथा इसे देश भर में लागू करने की समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या टीकाकरण कवरेज में सुधार लाने में पोर्टल की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए कोई पायलट अध्ययन किया गया है और यदि हां, तो उक्त पोर्टल के माध्यम से लाए गए दृश्यमान परिवर्तन सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त पोर्टल की स्थिति क्या है और यू-विन पोर्टल के आरंभ होने से लेकर अब तक इसके अंतर्गत पंजीकुत लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश में संख्या कितनी है, तथा टीकाकरण कवरेज में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है;

(घ) जन जागरूकता उत्पन्न करने और टीकाकरण तक नागरिकों की पहुंच को सुगम बनाने में उक्त ऐप की भूमिका और ब्यौरा क्या है और क्या सरकार द्वारा इस संबंध में कोई विशेष योजना शुरू की गई है और उक्त योजना पर कितना बजट खर्च किया गया है;

(ङ) क्या इस पोर्टल में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए टीकाकरण संबंधी चेतावनियां उत्पन्न करने की विशेषताएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में इस पोर्टल की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में विशेषकर गर्भवती महिलाओं में जन जागरूकता पैदा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): यू-विन 12 टीका-निवारणीय रोगों के लिए गर्भवती महिलाओं और बच्चों (जन्म से 16 वर्ष की आयु तक) को जीवन-रक्षक टीकों का समय से लगाया जाना सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत प्रदान किए गए सभी टीकाकरण सेवाओं के डिजिटलीकरण हेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यूआईपी का वार्षिक लक्ष्य लगभग 2.9 करोड़ गर्भवती महिलाओं और 2.6 करोड़ शिशुओं (0-1 वर्ष) का है। यू-विन का राष्ट्रव्यापी रोल-आउट पूरा हो चुका है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में 'कभी भी पहुँच' और 'कहीं भी' टीकाकरण सेवाएँ, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) और बाल आभा का सृजन, नागरिक मॉड्यूल, स्वचालित एसएमएस अलर्ट, क्यूआर-आधारित ई-टीकाकरण प्रमाणपत्र और टीका लगाने वालों द्वारा डेटा प्रविष्टि के लिए ऑफ़लाइन मोड शामिल हैं।

(ख): यू-विन का प्रारंभिक पायलट 35 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 63 जिलों में चलाया गया था, जिसके बाद इसे पूरे देश में लागू किया गया। 25 नवंबर 2024 तक, 7.43 करोड़ लाभार्थियों को पंजीकृत किया गया है, 1.26 करोड़ टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए हैं और यू-विन पर 27.77 करोड़ टीके लगाया जाना दर्ज किया गया है। प्लेटफ़ॉर्म के बढ़ते दैनिक उपयोग ने नागरिकों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं दोनों के बीच टीकाकरण सेवाओं के बारे में जागरूकता सृजन और आसान पहुँच को और बढ़ाया है।

(ग): यू-विन पर प्रारंभ से अब तक पंजीकृत लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या तथा कुल दिए गए टीकों की खुराक अनुलग्नक-क में दी गई है और हिमाचल प्रदेश का जिला-वार विवरण अनुलग्नक-ख में दिया गया है।

(घ): यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नागरिकों और टीका लगाने वाले कार्यकर्ताओं दोनों के लिए उपयोग और पहुंच में सुविधा के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन भी है। यह मोबाइल एप्लिकेशन एक बटन के क्लिक पर गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। जन जागरूकता सृजन करने और टीकाकरण तक नागरिकों की पहुँच को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- यू-विन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से व्यापक सोशल मीडिया संचार अभियान चलाया जाता है।
- यू-विन वेबसाइट पर 11 भारतीय भाषाओं में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) उपलब्ध हैं, जो नागरिकों और फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं दोनों को यू-विन की प्रमुख विशेषताओं और उपयोग जैसे पंजीकरण, अपॉइंटमेंट बुकिंग, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम आदि के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

(ङ): यू-विन प्लेटफॉर्म पंजीकरण की पुष्टि दिए गए टीकों की खुराक की पावती और आगामी खुराक के लिए अनुस्मारक एसएमएस (टीकाकरण की नियत तारीख से 3 दिन पहले) के लिए स्वचालित एसएमएस अलर्ट सक्षम करता है।

(च): यू-विन का ऑफ़लाइन मोड स्वास्थ्य कर्मियों को इंटरनेट कनेक्टिविटी के बिना क्षेत्रों में टीकाकरण सेवाओं को रिकॉर्ड करने की अनुमति देता है। आम जनता, खासकर गर्भवती महिलाओं के बीच जागरूकता व्यापक राष्ट्रव्यापी सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से की जाती है।

******

दिनांक **29/11/2024** को उत्तर के लिए नियत; लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **696** के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक क

यू-विन पर पंजीकरण और कवरेज का राज्यवार विवरण

(**25** नवंबर **2024** की स्थिति के अनुसार)

| क्र.सं. | राज्य | कुल पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या | कुल दी गईं खुराकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 15,219 | 65,978 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 21,01,105 | 45,44,821 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 67,307 | 2,92,790 |
| 4 | असम | 19,19,866 | 72,94,330 |
| 5 | बिहार | 1,51,07,436 | 6,71,69,747 |
| 6 | चंडीगढ़ | 53,840 | 1,87,495 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 15,14,999 | 55,63,865 |
| 8 | दिल्ली | 18,05,642 | 62,44,294 |
| 9 | गोवा | 1,23,776 | 4,69,388 |
| 10 | गुजरात | 4,08,723 | 17,27,257 |
| 11 | हरियाणा | 24,85,151 | 1,01,73,612 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 8,59,854 | 27,44,702 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 12,61,326 | 46,86,498 |
| 14 | झारखंड | 13,03,057 | 46,65,153 |
| 15 | कर्नाटक | 42,07,225 | 1,74,07,291 |
| 16 | केरल | 18,76,682 | 70,09,984 |
| 17 | लद्दाख | 26,769 | 1,17,434 |
| 18 | लक्षद्वीप | 6,821 | 33,266 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 88,43,042 | 2,22,48,513 |
| 20 | महाराष्ट्र | 51,11,333 | 1,58,23,185 |
| 21 | मणिपुर | 51,724 | 2,06,709 |
| 22 | मेघालय | 2,19,913 | 9,19,770 |
| 23 | मिजोरम | 80,933 | 3,84,937 |
| 24 | नागालैंड | 80,995 | 3,59,435 |
| 25 | ओडिशा | 25,88,824 | 1,23,47,456 |
| 26 | पुदुचेरी | 76,663 | 2,91,471 |
| 27 | पंजाब | 11,55,002 | 46,47,294 |
| 28 | राजस्थान | 24,38,389 | 77,16,890 |
| 29 | सिक्किम | 36,608 | 1,72,383 |
| 30 | तमिलनाडु | 15,59,860 | 28,05,744 |
| 31 | तेलंगाना | 18,32,035 | 77,11,119 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली और दमन व दीव | 51,100 | 1,56,464 |
| 33 | त्रिपुरा | 2,91,778 | 14,34,856 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1,62,02,760 | 5,90,78,156 |
| 35 | उत्तराखंड | 7,38,160 | 31,01,943 |

दिनांक 29/11/2024 को उत्तर के लिए नियत; लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 696 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक ख

हिमाचल प्रदेश के लिए यू-विन पर पंजीकरण और कवरेज का जिलावार विवरण

(25 नवंबर 2024 के स्थिति के अनुसार)

| क्र.सं. | जिलों का नाम | कुल पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या | कुल दी गईं खुराकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | बिलासपुर | 48,722 | 1,42,413 |
| 2 | चंबा | 71,389 | 2,26,636 |
| 3 | हमीरपुर | 59,449 | 1,73,616 |
| 4 | कांगड़ा | 1,89,923 | 5,41,073 |
| 5 | किन्नौर | 5,352 | 15,435 |
| 6 | कुल्लू | 50,929 | 1,69,994 |
| 7 | लाहौल और स्पीति | 2,042 | 6,600 |
| 8 | मंडी | 1,04,924 | 3,07,953 |
| 9 | शिमला | 90,091 | 2,64,018 |
| 10 | सिरमौर | 78,603 | 3,31,383 |
| 11 | सोलन | 90,290 | 3,82,040 |
| 12 | ऊना | 68,140 | 1,83,541 |

******